दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 167 मुरादाबाद, 06 October 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में


## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिए निर्देश, मरीजों को मिले उचित उपचार, बाहर की दवाई न लिखें डॉक्टर




हस्पतिवार को बरेली पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बैठक की। उन्होंने बुखार, डेंगू व मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृहस्पतिवार को बरेली पहुंचे। यहां उन्होंने पीलीभीत रोड स्थित बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस में कैंसर इंस्टीट्यूट का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित मेगा सर्जिकल कैंप का जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री ने सभागार में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बुखार, डेंगू व मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को उचित उपचार दिया जाए। जरूरत पड़ने पर भर्ती करें। किसी भी मरीज को बाहर की दवाई न लिखी जाए। मरीजों को शासकीय तौर पर दवाइयां उपलब्ध कराने के


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


## पीएम मोदी बोले- न देश का खजाना लूटने दूंगा, न कांग्रेस नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर जबलपुर आए। यहां उन्होंने रानी दुर्गावती स्मारक समेत 12 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सभा को संबोधित किया।पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद रहीं सरकारों ने सिर्फ एक परिवार की चरणवंदना की। सिर्फ एक परिवार ने देश को आजादी नहीं दिलाई थी। इसमें लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य सिर्फ देश और प्रदेश का विकास करना है। हम उसकी उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है। भष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कुछ लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जिस राजनीतिक दल पर सिर्फ और सिर्फ स्वार्थ हाबी हो जाता है, उसे कुसी के सिबाए कुछ नहीं दिखता है। ये लोग भाजपा को गाली देते-देते देश का अपमान करने लग जाते हैं। मोदी ने कहा कि जिस दल ने आजादी के बाद लंबे समय तक देश में सरकार चलाई, उसने आदिवासी समाज को भी सम्मान नहीं दिया। क्यों उनके बलिदान को भुला दिया गया। 2014 के बाद भाजपा की सरकार बनी तो हमने आदिवासी और जनजाति समाज के लिए काम किया। हमने आदिवासी समाज की महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया।मोदी ने कहा कि खेत खलियान से लेकर खेल मैदान तक भारत का परचम लहरा रहा है। ये समय देश के युवाओं है। इसलिए हम दुनियां में अपनी पहचान बना रहे हैं। भारत का चंद्रयान वहां पहुंचा, जहां अब तक कोई देश नहीं पहुंच पाया। ये हमारे देश की शक्ति है। हम सिर्फ चांद पर ही नहीं जा रहे, हम जमीन पर भी काम कर रहे हैं। दो अक्तूबर को देश के करोड़ों ने झाड़ू उठाकर सफाई की। ये देश के युवाओं की शक्ति है।पीएम मोदी ने कहा- मध्य प्रदेश आज एक ऐसे मुहाने पर है, जहां विकास में कोई रुकावट और गिरावट नहीं है। आने वाले 25 साल में ये विकास की गति बढ़ने वाली है। आने वाले समय से हमारा मध्य प्रदेश आन, बान और शान वाला होगा। लेकिन, इसके लिए हमें अभी से प्रयास करने होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस ने देश में लूट मचा रखी थी। इन्हें सिर्फ अपनी तिजोरियां भरने में लगे थे। सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की नीतियों को बदला। हमने 11 करोड़ लोगों के नाम सरकारी दफ्तारों से हटाए। ये लोग बिना जन्म लिए ही गरीबों का पैसा खा रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मुझ पर इसलिए गुस्सा करते हैं कि मैंने उनका कट ( कमीशन ) बंद कर दिया। मैं न देश का खजाना लूटने दूंगा, न कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा। पीएम मोदी ने कहा कि जब हमारी कोई माता-बहन चूल्हे पर खाना बनाती है तो 400 सिगरेट जितना धुंआ, एक दिन में उनके अंदर जाता है। भाजपा ने माताओं-बहनों को इस धुंए से छुटकारा दिलाया। क्या कांग्रेस ये पहले नहीं कर सकती थी। लेकिन, उनकी ऐसा करने की नियत ही नहीं थी। अब केंद्र सरकार 600 रुपए में उज्ज्वला योजना का सिलेंडर देगी। इसका हमारी माता-बहनों को फायदा मिलेगा। पीएम ने अपने संबोधन की शुरुआत मां नर्मदा को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि जबलपुर में जोश है, महाकौशल में उत्साह और उमंग है। ये दिखाता है कि महाकौशल के मन में क्या है। इसी उत्साह के बीच आज पूरा देश वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म जयंती मना रहा है। आज हम सब लोग अपने पूर्वजों के रण का कर्ज चुकाने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती स्मारक बनने के बाद देश को लोगों का यहां आने का मन करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी देश में रानी दुर्गावती जैसी नायक या नायका होती तो वह उछलकूद करता, लेकिन आजादी के बाद हमारे महापुरुषों, वीरों और वीरांगनाओं को भुला दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का शिलान्यास कर दिया है। रानी दुर्गावती गोंडवाना साम्राज्य की रानी की थी। उनके 500वीं जयंती पर डाक टिकट भी जारी किया गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने एक क्लिक से 12 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ की किया।

## देवरिया कांड: सीओ, एसडीएम से लेकर सिपाही तक नपे, लापरवाही बरतने वाले 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर गिरी गाज



11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया गया निलंबित। चार एसडीएम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू होगी। दो रिटायर्ड अफसरों के खिलाफ भी होगी विभागीय कार्रवाई। पांच पूर्व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की होगी विभागीय जांच। एक निलंबित तहसीलदार को अतिरिक्त आरोप पत्र थमाने का आदेश।देवरिया में भूमि विवाद में छह लोगों की हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित करने, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने और तबादला करने का आदेश दिया, जिसके बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गयी। बृहस्पतिवार को घटना की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी।दरअसल शासन की रिपोर्ट में देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की घोर लापरवाही एवं कर्तव्यपालन में शिथिलता संज्ञान में आने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया है। है। जांच में सामने आया कि विवाद के संबंध में सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में ऑनलाइन पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग को भेजी गई थीं। दोनों विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया। इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर गिरी गाज - वर्तमान एसडीएम योगेश कुमार गौड़ एवं सीओ रुद्रपुर जिलाजीत को निलंबित किया गया। - पूर्व एसडीएम राम विलास, ओम प्रकाश, ध्रुव शुक्ला व संजीव कुमार उपाध्याय के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। - रिटायर्ड तहसीलदार वंशराज राम एवं रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामानंद पाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू होगी। - अभय राज ( वर्तमान में निलंबित तहसीलदार ) को अतिरिक्त आरोप पत्र जारी किया जाएगा। - तत्कालीन तहसीलदार रामाश्रय ( वर्तमान में बलरामपुर में तैनात ) निलंबित, विभागीय कार्रवाई भी होगी - तहसीलदार रूद्रपुर केशव कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। - राजस्व निरीक्षक विशाल नाथ यादव, क्षेत्रीय लेखपाल राजनंदनी यादव और लेखपाल अखिलेश निलंबित, विभागीय कार्रवाई का भी आदेश। - मुख्य आरक्षी राजेश प्रताप सिंह, आरक्षी अवनीश चौहान, हल्का प्रभारी/ उपनिरीक्षक जय प्रकाश दुबे व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह निलंबित, विभागीय कार्रवाई भी होगी। - पूर्व में आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही वाले आरक्षी कैलाश पटेल, राम प्रताप कन्नौजिया, सुभाष यादव एवं पूर्व प्रभारी निरीक्षक रूद्रपुर सुनील कुमार तथा तत्कालीन सीओ रूद्रपुर दिनेश कुमार सिंह यादव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी।

## प्रतापगढ़ में बोले अखिलेश यादव: भाजपा सरकार में सपाइयों पर हो रहा है अत्याचार, 2024 में जनता देगी जवाब



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतापगढ़ में सपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। आने वाले चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। 2022 में कुछ परिवर्तन हुआ था। 2024 में पूरा परिवर्तन होगा। प्रतापगढ़ में आयोजित सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में समाजवादियों पर अत्याचार हो रहा है। बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। कहा कि यहां की जनता ने 2022 में थोड़ा परिवर्तन किया था, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरा परिवर्तन होगा।सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर मुकदमे लाद दिए जा रहे हैं। आम आदमी परेशान है। सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं। प्रतापगढ़ में ऐसा कोई दिन नहीं जाता जिस दिन यहां सपा कार्यकर्ताओं को अन्याय का सामना न करना पड़ता हो। यहां की जनता अपने ऊपर हो रहे अन्याय को भूलने वाली नहीं है। प्रतापगढ़ में यह कार्यक्रम ऐतिहासिक है। कार्यक्रम इतना सफल होगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सपा मुखिया ने पूर्व विधायक श्याद अली को श्रद्धांजलि दी। मंच पर रखे गए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद सभी नेताओं ने श्याद अली को श्रद्धांजलि दी। अखिलेश ने कहा कि श्याद अली ने पूरे जीवन संघर्ष किया। वह कार्यकर्ताओं के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### विपक्ष को खत्म करना चाहती है भाजपा- शिवपाल

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा विपक्ष को समाप्त करने की साजिश रच रही है। सत्ता के बल पर कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कराया जा रहा है। सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले नेताओं पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाता है। आप सांसद संजय सिंह इसके प्रमाण हैं। पट्टी विधानसभा के सदहा में बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सदस्य विजय यादव के आवास पर मीडिया से बात करते हुए सपा नेता ने वर्तमान समय को अघोषित आपातकाल का दर्जा दिया। कहा कि नौ साल बेमिसाल का नारा देने वाली भाजपा सरकार के पास उपलब्धियों के नाम पर बताने को कुछ भी नहीं है। इंडिया गठबंधन से घबराए हुए भाजपा के नेता अब विपक्षी नेताओं के घर छापेमारी के साथ उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रहे हैं। भाजपा के शासनकाल में बिजली विभाग द्वारा छापामारी, एफआईआर ,जुर्माना तीनों एक साथ करते हुए किसानों व व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। भाजपा सरकार कुछ पूंजीपतियों को संतुष्ट करने में लगी हुई है। ग्रामीण युवा बेरोजगारी में भटक रहा है। यूपी में 50 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन भाजपा के इन्हीं विफलताओं को लेकर सपा प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यकर्ता सम्मेलन कर भाजपा की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचा रही है। दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका गठबंधन प्रदेश में 50 सीट जीतेंगे। उन्होंने देवरिया की घटना की चर्चा करते हुए कहा कि वहां पर दोनों परिवार पीड़ित हैं।

ऐसे में दोनों परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है। मुख्यमंत्री एक परिवार के घर जाकर गलत संदेश दिए हैं। आगे कहा कि सपा शासन काल में स्वीकृत मंडी का निर्माण पूरा नहीं हो सका। उन्होंने निर्मला राम अंजोर यादव फार्मेसी कॉलेज सदहा का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पांडेय, शिव बहादुर यादव, जुनैद प्रधान, केपी चौरसिया ,संतोष यादव, शेर बहादुर, पवन, अजय और रामबचन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एजेंसियां ऐसा कठोर रुख अपनाएं, जिससे नया आंतकवादी संगठन नहीं बन सके, अमित शाह ने स्पष्ट की नीति



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में एनआईए की ओर से आयोजित दो दिवसीय %आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2023% का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एनआईए अधिकारियों को पदक भी दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय %आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2023% में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें न केवल आतंकवाद से लड़ने की जरूरत है, बल्कि इसके पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म करने की जरूरत है। इसके लिए हमें पूरी सरकार और टीम इंडिया की भावना के साथ काम करना होगा। सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों को ऐसा कठोर दृष्टिकोण अपनाना होगा कि नए आतंकवादी संगठन न बन सकें। उन्होंने कहा कि एनआईए, एटीएस और एसटीएफ का काम केवल जांच तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें लीक से हटकर सोचना चाहिए और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नए कदम उठाने चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक सहयोग की आवश्यकता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल है। अमित शाह ने दिल्ली में आंतकवाद रोधी बैठक में कहा कि मोदी सरकार के कड़े निर्णयों की वजह से जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित इलाकों और पूर्वोत्तर में हिंसा में कमी लाने में बड़ी सफलता मिली है। पीएम मोदी ने क्रिप्टो, हवाला, आतंकवाद वित्तपोषण से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। इसके बहुत अच्छे नतीजे आए हैं, लेकिन बहुत कुछ किया जाना अभी भी बाकी है।

संपादकीय Editorial

# Nettle of politics

There is never any war in politics, yet this platform is not an assurance of permanent peace. If politics also gives opportunity to Himachal in the equations of the country, then people start wandering in search of opportunity. In such a situation, the question is whether there is peace in Himachal BJP or whether the internal differences of Congress have ended due to the new pattern of discipline. To see the BJP, its innings in the opposition is doing wonders in Himachal, while its new position through central power is struggling with confusion. Kangra is once again losing its grip on the changing situation of power in Himachal. Neither the BJP is getting the omen nor the intoxication of Congress's power is increasing the sadness here. This is the permanent tyranny of politics, which is not establishing this district in Himachal or has made it so hollow that the leaders here have been continuously considered as dustbin by the high command of both the parties. In such a situation, it can be assumed that the politics of rebellion has already engulfed the parliamentary constituency of Kangra as well as Chamba. Big Congress leader Rahul Gandhi has almost dragged the Modi government on the issue of Other Backward Classes, but his own commanders have made Kangra district backward in power in the political atmosphere of the state. To come to power, every party needs the anger of Kangra, but after coming to power, 100 percent masala-formula is ready to snatch the smile. Of course, BJP has been asking why Kangra's share in the Congress government was not complete, but its own conduct has also been changing as soon as the government is formed.

Although the previous BJP government maintained the quota of ministers from Kangra to an extent, the ministers did not get enough budget in the list of departments to show their strength. In this context the corruption increased so much that the entire district slipped from its grip. Even now the situation is such that due to the budget under the responsibility of the sole Agriculture Minister, only chaff is visible in the economic fields of Kangra. It is true that the government is protecting its balance by mentioning some big projects in the name of tourism and expansion of Gaggal Airport, but for almost a year the locks for cabinet expansion have not been opened yet. In such a situation, the political balance of Congress is wavering like a deep mystery. On the other hand, will the party be able to push Kishan Kapoor, who was pushed into Parliament by BJP, from the candidature of the upcoming Lok Sabha elections? Under his leadership, the anger of Kangra-Chamba has not been marginalized yet and breaking the illusion of the party, the old ministers and MLAs have once again confirmed it and gathered at his residence. Congress and BJP's super parties in Himachal The way stars are making the high command of both the parties, the path of return to the old era has ended. Now neither will we see any leader like Shanta Kumar as a capable, determined and decisive leader of BJP, nor will the party want to see any Congressman in the place of YS Parmar and Virbhadra Singh. Both the parties are downplaying the importance of big districts of small states. Even though Congress is beating the drum of its victory in Himachal and Karnataka and encouraging BJP, it is not recognizing the nettle of discontent spreading in its own backyard. Needless to say, Nettle appears calm from a distance, but the day it is touched even slightly, the blood will turn the entire skin red at that strange touch.

# Caste census in Bihar: Will BJP implement this "Plan B" as a counter to Nitish's move?

It is believed that this Mandal is politics 2.0. In Mandal 1.0, Hindu society was divided into forward and backward (Dalits and Harijans were counted earlier also). Now a new map of inter-division of backward classes has been presented. This simply means that the country's politics will now start from Mandal Kamandal and move towards micro division politics among OBCs. In the year 1990, when the VP Singh government at the Center approved the report of Mandal Commission giving 27 percent reservation in government jobs. At that time, a slogan became very popular in the country - 'Janta Dal's statement is clear, backward class gets sixty out of a hundred.' The meaning was clear that the share of every caste in government jobs and economic development in the country is proportional to its population in the country or state. Will be in proportion. Now the demand for public representation in proportion to caste has also been added to it. This is 'social justice' in political terminology. As the latest episode of the same politics, Chief Minister Nitish Kumar has unleashed his political Brahmastra on behalf of the opposition by releasing the caste census survey data in Bihar after 33 years. BJP, which has been postponing the demand for caste census till now, is on the defensive regarding this new move. The entire country will keep an eye on what counter to this BJP and Sangh present, which politicize Hindutva by considering Hindu society as one unit. What far-reaching impact this new move will have on the Indian political and social scenario can still be estimated. It is believed that this Mandal is politics 2.0. In Mandal 1.0, Hindu society was divided into forward and backward (Dalits and Harijans were counted earlier also). Now a new map of inter-division of backward classes has been presented. This simply means that the politics of the country will now start from Mandal Kamandal and move towards micro division politics among OBCs only. Obviously in this sense this move can be a game changer as well as a boomerang. We may see some impact of this in the assembly elections of four states in the country and later in the Lok Sabha elections of 2024, when tickets can be distributed purely in proportion to the number of castes. Also, the demand of abolishing the limit of reservation in government jobs and educational institutions from the Supreme Court's camp of 50 percent to 70 percent may gain momentum. However, this is possible only by amending the Constitution. Apart from this, to win elections, the moves to overcome caste polarization by anti-caste polarization will become more intense. Nitish's electoral mathematics and equation from Bihar - If the caste census was conducted first in Bihar in the country, then it was natural, because Bihar is probably the only state where caste is paramount. Issues like development have always been secondary there. Even today Bihar ranks lowest in the country in the Human Development Index. People of Bihar are leaving the state due to lack of employment and infrastructure development, this has never been a matter of much concern there. Knowing how many people of which caste are there and being narcissistic about it is a permanent political and social hobby of Bihar, the land of Buddha. Interestingly, in the 80s, along with Bihar, Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttar Pradesh were also in the category of BIMARU states. But in 40 years, these three states have gone much ahead of Bihar in the race of development, but Bihar is happy only by counting the castes. In short, casteism is the essence of politics and social reality of Bihar. However, caste census may have taken place in Bihar, but its impact will be far reaching. To break the back of Modi's magic and Hindutva politics, the opposition, which has now included Congress, has made caste census the main issue. The thinking is that dividing the Hindu castes, which were largely united on the issue of Hindutva, back to the micro level will lead to new polarization and create political space for the opposition. The opposition has already started raising the issue of caste census in the assembly elections. This issue will become more vocal in the Lok Sabha elections. It is possible that to blunt the opposition's moves, Prime Minister Modi himself may announce the caste census in the country before the Lok Sabha elections. Even if this happens, it will hardly be implemented before 2025. Anyway, to decide the OBC quota in women's reservation, the government will have to conduct the OBC caste census. But after the caste census, the real challenge will be to fulfill the claims of representation on the basis of the number of castes in various disciplines of the society. This will have a direct impact on the merit. Because the number of castes will be decisive in all matters and merit will be marginal. Due to small numbers of upper caste people in the country, they have already been politically sidelined in most of the states. Since their number does not exceed 15 percent of the total, their participation in policy making will also reduce. Impact and politics of caste census. Caste census will also harm Dalits and tribals, because due to being less in number, it will become more difficult for them to move forward politically. Barring two-four small states, OBCs will dominate everywhere. The logic is the same that their number is highest. An even bigger danger is internal conflict within the OBCs themselves. Among OBCs, Yadavs and some other equally influential castes have seen more development. But if we consider the figures of Bihar, the number of Extremely Backward Castes (EBC) is much more. In such a situation, EBC castes can similarly do politics to sideline OBCs. , like the OBCs did to settle the Agdas. Due to this, new ethnic mobilization will be seen in the country. We may see groups of castes defeating each other in the fight for supremacy. Now the question is, what will BJP and Sangh do in such a situation? Do they have 'Plan B' ready? Experts believe that BJP had started working on EBC in many states long ago. The time has come to harvest it. How much truth is there in this, it will soon be known. On the other hand, whatever the OBC leaders of the opposition may say, but today the power of the country is in the hands of the OBCs in the form of Narendra Modi and Modi is popular even among the upper class, this message is sent to the entire backward class. In contrast, the opposition does not have any strong and popular OBC face across the country. However, as a counter to the caste census, the Modi government can make public the Justice Rohini Commission report and implement it, which recommends dividing the current 27 percent reservation for OBCs in government jobs and educational institutions into 4 sub-categories of OBCs. . But this measure will also be temporary, because the real aim of the caste census is to increase the OBC reservation from 27 percent to 50 percent. Not only job and educational but also political. Obviously this will not be easy to do. Secondly, if the limit of OBC reservation is increased, then the remaining 15 percent unreserved castes may also demand to come in the reserved category for some reason or the other, as we are seeing in the demand for Maratha reservation in Maharashtra. Whereas Maratha has basically been the ruling caste. If more or less all castes start being called backward, then the tone of the fight for social equality will change. This conflict between castes can be seen in Hinduism as well as in Islam and Sikhism. Even after changing religion, demand for reservation has started rising due to social backwardness. We may or may not be so in any other matter, we may become 'world gurus' in the matter of casteism.

# Cleanliness in vande bharat trains

Vande Bharat trains are being discussed a lot for some time now. Now there has been news of Vande Bharat train being completely cleaned in 14 minutes. Railway Minister Ashwini Vaishnav launched this new system on Sunday and said that in future it will be implemented in other areas also. This cleanliness initiative is welcome and can bring a big change. There are many people in India who avoid train travel due to lack of proper sanitation system. It is a bitter truth that from the stations in the capital Delhi to almost every major station in the country, the picture looks the same. From the moment one sets foot at the station, the cleaning arrangements inside the bridge, waiting room, platform and trains cannot be called satisfactory. In trains, poor children wrapped in rags are often seen picking up garbage with brooms and asking for money from passengers out of sight. The condition of toilets is such that many passengers travel with the strategy of not having to step into toilets. In the year 2018, a survey was conducted by IRCTC about 209 important trains. Under this first survey of its kind, opinions were sought from passengers of many trains running in 16 railway zones like Rajdhani, Duronto, Tejas Shatabdi, Jan Shatabdi, Sampark Kranti. In this, passengers in almost all the trains had expressed dissatisfaction regarding cleanliness. IRCTC itself has admitted that passengers, especially in premium trains, expect more cleanliness. Five years after this report, there are signs of change, but it often seems as if these efforts remain incomplete. In January this year, pictures of the Secunderabad-Vishakhapatnam Vande Bharat train were in the news, in which used cups, plates and garbage were scattered throughout the coach after the completion of the journey. Then Railway Minister Vaishnav instructed the concerned officials to take action, and then in Vande Bharat, arrangements were made to collect garbage from the seats like in planes. Actually, cleanliness of all trains and stations including Vande Bharat is a big challenge. To solve this problem, a definite arrangement should be made thoughtfully. This will not only provide convenience to the passengers, but will also enhance the image of the Railways, and people will travel by trains willingly and not out of compulsion.In trains, poor children wrapped in rags are often seen picking up garbage with brooms and asking for money from passengers out of sight. The condition of toilets is such that many passengers travel with the strategy of not having to step into toilets. In the year 2018, a survey was conducted by IRCTC about 209 important trains. Under this first survey of its kind, opinions were sought from passengers of many trains running in 16 railway zones like Rajdhani, Duronto, Tejas Shatabdi, Jan Shatabdi, Sampark Kranti. In this, passengers in almost all the trains had expressed dissatisfaction regarding cleanliness. IRCTC itself has admitted that passengers, especially in premium trains, expect more cleanliness. Five years after this report, there are signs of change, but it often seems as if these efforts remain incomplete. In January this year, pictures of the Secunderabad-Vishakhapatnam Vande Bharat train were in the news, in which used cups, plates and garbage were scattered throughout the coach after the completion of the journey. Then Railway Minister Vaishnav instructed the concerned officials to take action, and then in Vande Bharat, arrangements were made to collect garbage from the seats like in planes. Actually, cleanliness of all trains and stations including Vande Bharat is a big challenge. To solve this problem, a definite arrangement should be made thoughtfully. This will not only provide convenience to the passengers, but will also enhance the image of the Railways, and people will travel by trains willingly and not out of compulsion.

# क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर 7000 रुपए की रिश्वत लेता गिरफ्तार, विभाग में मचा हड़कंप




एंटी करप्शन ब्यूरो बरेली की टीम ने मुरादाबाद क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर वली मोहम्मद को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। अफसरों ने आरोपी के पास से सात हजार रुपये भी बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सीओ एंटी करप्शन श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि संभल जिले के निवासी विजेंद्र सिंह ने रजपुरा थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद कार्रवाई की गई। एंटी करप्शन टीम आरोपी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर बरेली ले गई है। इसकी विवेचना डीआईजी मुरादाबाद ने क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर वली मोहम्मद ने चार लोगों के नाम मुकदमे में बढ़ाए थे। वह इनकी गिरफ्तारी के लिए सात हजार रुपये रिश्वत मांग रहे थे। विजेंद्र सिंह की शिकायत पर टीम ने इंस्पेक्टर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। अभी कुछ दिन पहले ही दबोचे गए थे सुभाष - क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर के दबोचे जाने के कुछ दिन पहले ही विजिलेंस बरेली की टीम ने 26 सितंबर को श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष भारती को पेट्रोल पंप मालिक से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। कई अधिकारियों-कर्मियों ने पहले भी घूसखोरी में विभाग को किया शर्मसार -28 जून 2023 को बिजली विभाग का क्लर्क शरद भटनागर तीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार। 06 अप्रैल 23 भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने किसान से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कांठ तहसील के राजस्व निरीक्षक धर्मवीर सिंह को रंगे हाथ पकड़ा। 24 जून 2023 एंटी करप्शन की टीम ने बिलारी में गन्ना विकास परिषद के कार्यालय में गन्ना सुपरवाइजर जगदीश सिंह को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए दबोचा। 11 नवंबर 2022 एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एडीओ पंचायत कुलदीप को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचा। 14 दिसंबर 2022 को चकबंदी विभाग के लिपिक यशवंत सिंह को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

# बिजली आपूर्ति का संकट, नहीं हो रहा शेड्यूल का पालन



मुरादाबाद-दीनदयाल नगर में बदले गए जर्जर तार, बाधित रही सप्लाई, असालतपुरा क्षेत्र में बिजली विभाग ने की छापेमारी, दो मीटरों में छेड़छाड़ पर कार्रवाई बिजली आपूर्ति का संकट खत्म नहीं हो रहा है। अधिकारियों का निर्बाध आपूर्ति का दावा उनके कार्यालय के चौखट पर दम तोड़ रहा है। कभी ट्रांसफार्मर फुंकने तो कहीं जर्जर तारों से फाल्ट के चलते कई घंटे लोगों को बिना बिजली के बिताना पड़ रहा है। लाइन लॉस रोकने में विफल विभाग के अधिकारी केवल कागजी दावे कर लकीर पीट रहे हैं। महानगर के मोहल्लों में हर दिन कई घंटे बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कारोबार प्रभावित होने के साथ ही कॉलोनियों में पेयजल की किल्लत भी हो रही है। महानगर में जगह-जगह आरडीएसएस योजना में जर्जर तार बदलने का काम चल रहा है। कई जगह अंडरग्रांउड केबिल डाले जा रहे है। फाल्ट के अलावा इस कार्य के चलते भी आपूर्ति ठप हो रही है। हालांकि इसकी पूर्व सूचना दी जाती है। बुधवार को पीटीसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दीनदयालनगर में जर्जर तार बदले गए। जिससे आपूर्ति तीन घंटे बंद रही। इसके अलावा आशियाना बिजलीघर में लगे ट्रांसफार्मर में घासबेल की सफाई की गई। जिससे शटडाउन लेना पड़ा। इसके चलते आशियाना के लोगों को दिन में डेढ़ घंटे बिना बिजली के बिताना पड़ा। निर्बाध आपूर्ति न मिलने से महिलाओं को अधिक परेशानी होती है। सुनील कुमार, जितेंद्र सिंह, आशा देवी का कहना है कि बिजली सुधार के लिए काम के अलावा ट्रिपिंग से भी बिजली गुल हो रही है। वहीं दूसरी ओर असालतपुरा क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने मीटर चेक किए। जिसमें दो मीटरों से छेड़छाड़ मिली, जबकि दो मीटरों को संदेह की नजर से सील कर टीम अपने साथ ले आई। बताया जा रहा है कि एक मीटर किसी राजनैतिक दल के नेता के घर से मिला है। हालांकि विभागीय अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। एसडीओ आशियाना सुशील कुमार ने बताया कि अनुरक्षण और आरडीएसएस योजना में चल रहे काम की वजह से शटडाउन लिया गया। एसडीओ असालतपुरा विक्रम सिंह ने बताया कि मीटर चेक किये गए। जिसमें दो मीटरों में गड़बड़ी मिली और दो मीटरों को संदेह पर सील किया गया। उन्होंने किसी राजनैतिक दल के नेता के घर से मीटर लाने की जानकारी से इंकार किया।

# नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जलेसर विधानसभा के कोसमा गांव में वात्सल्य आरोग्यधाम में नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आचार्य विमल सागर महाराज की जन्मस्थली गांव कोसमा में वात्सल्य आरोग्यधाम में नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा केंद्र में आम आदमी चिकित्सा सेवा का लाभ ले सकेंगे। उद्घाटन के बाद उप मुख्यमंत्री द्वारा अस्पताल के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री को वीवीआईपी प्रोटोकॉल के तहत गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई थी। पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद दिखी। उप मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संदीप जैन, एमएलसी आशीष यादव आशू सहित जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बताया लोस चुनाव जीतने का लक्ष्य वहीं, राघवेंद्र सिंह राठौर क्षेत्राधिकारी जलेसर, जगदीश सिंह कोतवाल जलेसर, एलआईयू व खुफिया एजेंसी उप मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था संभाले रहे।

# मौतों का सौदागर स्वास्थ्य विभाग एटा

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा-मौतों का सौदागर स्वास्थ्य विभाग एटा जनपद में स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में होने वाली मौतों पर चुप क्यों हैं जनप्रतिनिधि विधायक निधि से लगे ऑक्सीजन प्लांट का क्या हुआ? एटा - एटा में फर्जी नर्सिंग होम,झोलाछापो, प्राइवेट क्लीनिकों पर दर्जनों मरीज अब तक काल के गाल में सिर्फ डॉक्टरों की लापरवाही के चलते समा चुके हैं।हद तो तब हो गई जब जनपद के मेडिकल कॉलेज में मात्र कुछ मिनटों में ही ऑक्सीजन की कमी के कारण दो मरीजों को जान से हाथ धोना पड़ा।महत्वपूर्ण मामला तो यह है, कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग को विधायक निधि से पैसा देकर ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना भी की गई थी।फिर मरीजों को ऑक्सीजन की कमी से कैसे मौत के आगोश में पहुंचाया गया।शर्म की बात तो यह है, जब यह घटना हुई तब सरकार के एक मंत्री जनपद भृमण में उपस्थित थे।दूसरी तरफ सीएमओ एटा द्वारा किए जा रहे, भ्रष्टाचार की जांच भी मा0मुख्यमंत्री महोदय द्वारा कराए जाने का फरमान जारी कर दिया गया है।फिर भी सीएमओ एटा पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई है, यह सवाल स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकार पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। *उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री की उपस्थिति में मेडिकल कॉलेज में दो लोगों की ऑक्सीजन से कमी के कारण हुई मौतों पर सिर्फ फटकार लगाकर पल्ला झाड़ लेना क्या एटा की जनता के साथ सरकार का न्याय उचित है?* क्यों नहीं अभी तक सीएमओ एटा को हटाकर निष्पक्ष जांच कराई जा रही।यहाँ पर महाभारत काल के एक प्रसंग की याद ताजा हो गई।जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बुआ को वचन दिया था,कि तुम्हारे पुत्र शिशुपाल द्वारा जब तक 100 गालियां दी जाएगी तब तक मैं इसका बध नही करूंगा।लेकिन जब शिशुपाल ने अपने घमंड के चले जैसे ही 101 वीं गाली दी भगवान श्रीकृष्ण जी ने सुदर्शन चक्र से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया था। *क्या उत्तर प्रदेश सरकार भी सीएमओ एटा के कार्यकाल में एटा जनपद में और मौतों का इंतजार कर रहा है? *क्यों ऐसे भृष्ट और जनपद में होने वाली स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में मौतों के जिम्मेदार सीएमओ को हटाने में हिचक रही सरकार?* एक तरफ तो प्रदेश की ओजस्वी मुख्यमंत्री योगी जी जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के संकल्प के साथ प्रदेश से भ्रष्टाचार और माफिया राज को समाप्त करने पर लगे हुए हैं।वही भ्रष्ट अधिकारी की सरकार में कौन मदद कर रहा है, *यह प्रश्न चिन्ह है सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर।* यदि मा0मुख्यमंत्री जी ने एटा सीएमओ को यहां से हटाकर जाँच नही कराई तो किसी भी तरह निष्पक्ष जांच सम्भव नहीं है। *क्योंकि चांदी की चमक में कुछ भी सम्भव है।*

# रैली निकालने के साथ ही स्वच्छता की शपथ ली



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश भर में 01.10.2023 से 15.10.2023 तक 卐स्वच्छता ही सेवा卐 पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चौ0 नवाब सिंह इंटर कॉलेज में पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ रैली निकालने के साथ ही स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता बहुत जरूरी है, स्वच्छता से कई बीमारियां से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए घरों के आसपास पानी जमा न होने दें।

# अगवानपुर 28 और रानी नांगल चीनी मिल 30 से शुरू करेगी गन्ना पेराई



मुरादाबाद-जिले का 83,000 हेक्टेयर है गन्ना रकवा, 31 अक्टूबर से बेलबाड़ा चीनी मिल में पेराई सत्र का आरंभ जिले की चार चीनी मिलों ने गन्ना पेराई सत्र के संचालन की तिथियों का ऐलान कर दिया है। यदि सबकुछ ठीकठाक रहा तो अगवानपुर चीनी मिल 28 अक्टूबर से गन्ना पेराई शुरू करेगी। जबकि रानी नांगल चीनी मिल 30 और बेलबाड़ा चीनी मिल 31 अक्टूबर से पेराई सत्र का आरंभ करेगी। जबकि बिलारी चीनी मिल में 5 नवंबर से पेराई सत्र का आरंभ करेगी। चीनी मिलों के संचालन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। चीनी मिल प्रबंधन की और आवंटित क्रय केंद्रों पर कांटे लगाए जाने की तैयारी की जा रही है। वैसे भी चीनी मिलों के देरी से चलने की वजह से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस बार जिले में 82,747 हेक्टेयर रकबा में गन्ने की फसल है। वैसे भी पश्चिमी यूपी में गन्ने की फसल बड़े पैमाने पर की जाती है। मुरादाबाद में भी किसान बड़े स्तर पर गन्ने की खेती करते हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की वजह से फसल को नुकसान भी हुआ है और इसके अलावा लाल सड़न रोग ने भी गन्ने की फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया है। इसमें गन्ने की फसल पूरी तरह सूख गई। चीनी मिलों को चालू करने के लिए मरम्मत कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिससे चीनी मिल समय से चालू हो सकें। जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने बताया कि अगवानपुर चीनी मिल ने 28 अक्टूबर, रानी नांगल ने 30 अक्टूबर, बेलवाड़ा ने 31 अक्टूबर की संभावित तिथियां घोषित की हैं। इनके अलावा बिलारी चीनी मिल ने अपने गन्ना पेराई को लेकर पांच नवंबर की तिथि निर्धारित की है। हालांकि गन्ने की उपलब्धता के आधार पर चीनी मिलों की तिथियों में फेरबदल भी किया जा सकता है। उधर,किसान रामकिशोर, सुनील कुमार, जितेंद्र सिंह का कहना है कि चीनी मिल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में चालू हो जानी चाहिएं। जिससे गन्ने की पेराई में किसी प्रकार की दिक्कत न आये। चीनी मिल कभी-कभी 10 नवंबर तक शुरू हो पाती हैं और फिर गर्मी में मई के पहले सप्ताह तक चलती हैं। उस समय गन्ने की छिलाई करने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार चीनी मिल शुरू होने से पहले ही गन्ने का रेट भी घोषित करे। अगवानपुर चीनी मिल की पेराई क्षमता 80,000, बिलारी की 65,000, रानीनांगल की 55,000 और बेलवाड़ा चीनी मिल की पेराई क्षमता 65,000 क्विंटल प्रतिदिन है।

## गन्ना भवन में शुरू होगी हेल्प डेस्क

मुरादाबाद। नया गन्ना पेराई सत्र शुरू होने के साथ ही किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्प डेस्क भी शुरू की जाएगी। अगर किसी किसान को अपनी समिति या संबंधित चीनी मिल से किसी प्रकार की शिकायत है तो वह हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। जिसका निस्तारण विभागीय अधिकारी करेंगे। इससे किसानों को इधर-उधर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने बताया कि नवीन पेराई सत्र के लिए एक नवंबर से हेल्प डेस्क शुरू हो जाएगी। हेल्प डेस्क के जरिए किसानों की समस्याओं को हल कराया जाएगा।

# संचारी रोग अभियान केवल शहर तक ही समिट कर रह गया है

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- ग्रामीण क्षेत्रो मे फेल रही है डेंगू जैसी भयानक वीमारी स्वाशथ्य विभाग केवल शहर मे ही संचारी रोग अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रो को वीमारी मुक्त वना रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी केवल सरकार द्वारा योजनाओं के लिए आया वजट ही देखते है जनपद की जनता से कोई सरोकार नही शासन के निर्देशानुसार जनपद भर मे मुख्य चिकित्सा विभाग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है! शासन और प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूकता करने की सच्चाई ये है कि पिछले एक महीने से रारपट्टी गांव मे संचारी रोग डेंगू ने अपने पांव पसार रखें है!इसकी जानकारी ना स्वास्थ्य विभाग को ना इन जागरूकता करने वाले इन लोगों को गांव




में भया-भहता की स्थिति बनी हुई है! एक ही परिवार के सभी सदस्य डेंगू से पीड़ित है, पूरे गांव मे ऐसा कोई घर नहीं जहां डेंगू का मरीज़ नहीं हो पूरे गाँव में जिस तरह से डेंगू ने अपने पैर पसारे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम गाँव तक नहीं पहुंच रही,,, ना ही स्वास्थ्य विभाग की तरफ से और ना ही पंचायत की तरफ से,,किसी प्रकार का कोई भी डेंगू रोधी छिड़काव नहीं हो रहा है! सभी मरीज व्यक्तिगत रूप से अपना इलाज करा रहे हैं! जो सक्षम है वह जिले से बाहर अपना इलाज करा रहे हैं और जो सक्षम नहीं है वह झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा ले रहे हैं! ऐसे में यदि कोई जनहानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? जब कि पूर्व मे अगर कोई वीमारी अपने पेर पसारे उससे पहले ही स्वास्थ्य विभाग उस विमारियों की रोक थाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रो मे वीमारी फैलाने वाले कीटाडुओ को मारने के लिए छिड़काव करता था ओर इन भयानंक विमारियों से लोगो को काफी राहत मिलती थी । लेकिन अव तो केवल सरकार द्वारा वीमारी रोकथाम के लिए जो वजट आता है वो केवल संचारी रोग की रेली निकाल कर रोग मुक्त जनपद कर दिया जाता है जब कि धरातल पर देखा जाये तो संचारी रोग रोकथाम के लिए आम जन मानस के लिए कोई सुबिधा नही है यह केवल फ़ाइलो तक ही सिमित रह जाती है ओर जो प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग मे वीमारियों के रोक थाम के लिए वजट आता है उस वजट को विभागीय अधिकारी व कर्मचारी वंदर बाट कर हजम कर जाते है ।सूत्रों ने वताया है कि स्वास्थ्य विभाग के एक बड़े अधिकारी ने जनपद कासगंज के अमापुर क्षेत्र मे एक 100विघा का वाग भी खरीदा है यह सोचनीय विषय है कि आखिर इतना पैसा कहा से आया क्या यह अधिकारी अपनी सेलरी से इतना सव कुछ कर सकते है ।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# स्वच्छता ग्राही संघ अध्यक्ष आलोक मिश्रा द्वारा इच्छा मृत्यु की मांगी गई अनुमति

क्यूँ न लिखूँ सच



मध्य प्रदेश सरकार से स्वच्छता ग्राही संघ अध्यक्ष आलोक मिश्रा द्वारा इच्छा मृत्यु की मांगी गई अनुमति क्या प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वच्छता ग्राही यों को इच्छामृत्यु की अनुमति देंगे या फिर नहीं या तो देखने की बात है आज रीवा के स्वच्छता ग्राही यों द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखा गया है जिसमें स्वच्छता ग्राही संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा इस पत्र में प्रदेश के मुखिया से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है उनका कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के 26000 स्वच्छता ग्राही यों की 7 दुर्व्यवहार किया जाता है उन्हें प्रताड़ित किया जाता है उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है जबकि मध्य प्रदेश के 26000 स्वच्छता ग्राही अपनी जान जोखिम में डालते हुए कुरौना काल में एवं वैक्सीनेशन में एवं पंचायत को ओडीएफ घोषित कराने में एवं पंचायत के सभी कार्य कराने में अहम भूमिका निभाई है परंतु मध्यप्रदेश के शिवराज सरकार द्वारा स्वच्छता ग्राही यों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है ना तो उन्हें मासिक मानदेय दिया जाता है ना तो उन्हें नियमितीकरण किया गया जिस कारण से मध्य प्रदेश के 26000 पछता ग्राही प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री महोदय से विनम्र निवेदन है कि 26000 स्वच्छता ग्राही यों को इच्छामृत्यु की अनुमति दें क्योंकि एक स्वच्छता ग्राही के पीछे 4 या 6 लोगों का जीवन है 106 ग्राही के माता पिता भाई बहन बीवी बच्चे सभी लोग हैं परंतु 2018 2014 में स्वच्छता ग्राही यों की नियुक्ति की गई थी तब से आज तक स्वच्छता ग्राही यों को मासिक मानदेय नहीं दिया जाता है जबकि क्यों सर विधायक श्यामलाल द्विवेदी को 10 बार ज्ञापन सौंपा गया एवं उनसे आग्रह किया गया की इसे विधानसभा में उठाने की कृपा करें परंतु आज तक वह इस पर ध्यान नहीं दिए यही हाल रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा जी की है उनको ज्ञापन दिया गया उनके द्वारा भी आश्वासन दिया गया परंतु राज्यसभा सांसद में नहीं उठाया गया यही हाल हमारे विधानसभा अध्यक्ष महोदय जी का है श्री गिरीश गौतम जी को ज्ञापन दिया गया परंतु उनके द्वारा कोई विज्ञापन नहीं आगे बढ़ाया गया ना किसी विज्ञापन पर विचार विमर्श किया गया यही हाल हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का है कि उन्हें कई बार ज्ञापन सौंपा गया परंतु उनके द्वारा आश्वासन दिया जाता है परंतु स्वच्छता ग्राही ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ना उन्हें मासिक मानदेय दिया जा रहा है ना उन्हें नियमितीकरण किया जा रहा है इस वजह से परेशान 26000 स्वच्छता ग्राही मध्य प्रदेश सरकार से इच्छामृत्यु की अनुमति मांग रहे हैं क्योंकि उनकी स्थिति आए दिन बिगड़ती जा रही है अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पा रहे हैं जिस वजह से मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आग्रह करना चाहूंगा हमें इच्छामृत्यु की अनुमति देने की कृपा करें क्योंकि अगर 26000 स्वच्छता ग्राही हैं तो 26000 स्वच्छता ग्राही यों के अभिभावकों को जोड़ा जाए तो कम से कम 500000 हो रहे हैं तो उन का भरण पोषण कैसे कर पाएंगे स्वच्छता ग्राही जब उन्हें मासिक मानदेय नहीं दिया जाएगा तो अब देखने वाली बात यह है कि इस मैटर को कितना गंभीरता से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी लेते हैं या फिर हवा हवाई में उड़ा देंगे यह तो देखने की बात है जो स्वच्छता की बात करेगा वही मध्य प्रदेश पर राज करेगा हम सब ने यह ठाना है स्वच्छता को अपनाना है जय स्वच्छता जय स्वच्छता जय स्वच्छता माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी कृपया इच्छा मृत्यु की अनुमति जल्द से जल्द देने की कृपा करें आपके इस कार्यकाल से बहुत प्रताड़ित है 26000 स्वच्छता ग्राही एवं उनके 500000 अभिभावक


# रात्री में मकानों मे की गई चोरी के आरोपी से मोबाईल व चाँदी की साकली कुल किमती 45000 रुपये का माल जप्त व आरोपी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर



झाबुआ - पुलिस अधीक्षक अगम जैन , अति. पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे के निर्देशन, मे अनुविभागीय अधिकारी पेटलावद सोरभ तोमर के द्वारा जिले मे हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने हेतु आरोपीयों को गिरफ्तार करने आदेशित किया गया था आदेश के पालन में थाना प्रभारी कल्याणपुरा निरी. निर्भयसिह भूरीया व्दारा माल मुल्जीम की पतारसी में रवाना किया गया जिस पर टीम द्वारा मकानो मे की गई चोरी का मोबाईल व चाँदी की साकली किमती 45000 रुपये का माल जप्त व आरोपी जामदोर पिता वसना जाति बारिया उम्र 26 साल निवासी वागई छोटी को गिरफ्तार किया। इसी अनुक्रम मे ग्राम डोकरवानी से खीमचन्द्र डामोर पिता दिता डामोर निवासी ग्राम डोकरवानी द्वारा थाना आकर अपने मकान की दीवार खोदकर व अपने भाई धनिया के मकान की दीवार को खोदकर चाँदी की साकलिया व कंदोरा व मोबाईल चोरी जाने की रिपोर्ट कि गय थी जिस पर अपराध क्र. 476/2023 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया था । जिस पर थाना कल्याणपुरा थाना प्रभारी व्दारा त्वरित कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर तलाश मे रवाना किया गया । टीम को विश्वसनीय मुखबीर व्दारा सुचना मिली कि घटना दिनांक को व घटना स्थल ग्राम डोकरवानी में देर रात्री ग्राम भुतेडी का नाना भूरीया व उसका साला जामोदर बारिया व उसके साथी घुमते हुए मुखबीर द्वारा देखा गया था व इन पर चोरी करने की शंका जाहिर किया था ।थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर माल मुल्जीम पतारसी हेतु ग्राम वगई छोटी व भुतेडी टीम भेजी गयी थी ।टीम द्वारा इनके घरो में दबिश दी तो ग्राम वगई छोटी का संदेही जामोदर पिता वसना जाति बारिया उम्र 26 साल निवासी वागई छोटी थाना राणापुर मिला जिसे पकडा चोरी के संबंध में पुछताछ करते अभियुक्त द्वारा ग्राम डोकरवानी में अपने जीजा नाना पिता रामा भूरीया निवासी भुतेडी व उनके अन्य दो साथी के साथ दो मकानो की दीवाल को खोदकर अंदर घुसकर मोबाईल व चाँदी की साकलिया ,कंदोरा आदि चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी द्रारा अपने हिस्से में आया एक रेडमी कन्पनी का मोबाईल 1 किमती 8000 हजार रुपये तथा एक चाँदी की साकली 500 ग्राम जप्त की गई ।तथा उसके साथी नाना भूरीया निवासी भुतेडी आदि की तलाश उनके घरो पर करते नही मिले फरार है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय प्रस्तुत किया गया । आरोपी की निशादेही में शेष फरार आरोपी को गिरफ्तार कर माल जप्त कर सफलता प्राप्त की है। आरोपी के गिरफ्तार होने पर क्षैत्र में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाया जायेगा। **SDOP** सोरभ तोमर, निरी. निर्भयसिह भूरीया, उनि. गुलाबसिह वर्मा, सउनि. प्रेमचंद परमार, सउनि.ज्ञानबहादुर,सउनि.हीरालाल गिरवाल ,आर. 516 चंद्रभान सिह जाट,आर.658 सुरेश तथा सायबर सेल के प्रभारी निरी.दिनेश शर्मा ,उनि.जितेनसिंह चौहान,आर.552 महेश प्रजापति ,आर.573 संदीप ,आर.500 राकेश चौहान आदि टीम का सराहनीय योगदान रहा है। उक्त सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारीयो को श्रीमान पुलिस अधीश्रक महोदय व्दारा नगद ईनाम देने कि घोषणा कि गई है ।

# ग्राम पंचायत करौंदिया में पुलिया निर्माण में बालू कि जगह माटी का प्रयोग कर बनाई जा रही पुलिया



क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा

सिंगरौली जिला पंचायत के जनपद पंचायत चितरंगी अंर्तगत आने वाली करौंदिया पंचायत में स्थानीय लोगों का कहना है कि सरपंच और सचिव द्वारा पुलिया निर्माण कमरौहा में नाले से माटी निकाल कर उसको बालू बता कर पुलिया निर्माण कार्य किया जा रहा है लोगों द्वारा सरपंच से जब पूछा गया कि नाले से माटी निकाल कर बालू बताते हो ऐसा निर्माण कार्य क्यों कर रहे हो तो सरपंच द्वारा बोला जाता है कि सब काम करता है नाले से बालू ही निकलता है मैं तो इसी से निर्माण कार्य करूंगा जिससे स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत अपने फोन द्वारा अधिकारियों से किया गया उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार कि कार्यवाही नही किया गया है जिससे साफ साफ लगता है कि अधिकारियों कि भी सहमति से इस प्रकार का कार्य सरपंच सचिव द्वारा करवाया जा रहा है प्रमुख रूप से इससे यह संदिग्ध है की यंत्री और उपयत्री कि भूमिका है इसमें स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला पंचायत सीईओ विधिवत जांच दल गठित कर जांच निरीक्षण मौका स्थल का करके स्वयं देख ले और जो भी जिम्मेदार पाया जाए उसके विरुद्ध ठोस कदम उठाया जाय

# प्रत्येक मरीज को स्वस्थ करके उसके घर पहुंचाना हमारा ध्येय-उप मुख्यमंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा




